# महिदपुर में कृषि व्यापारियों का एक दिन का देशव्यापी बंद रहा सफल

**महिदपुर। देश के खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों के राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन के आव्हान पर 27 अप्रैल को देश के समस्त खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारी एक दिन के सांकेतिक हड़ताल पर रहे।**

संगठन के कोषाध्यक्ष नरेश पालीवाल ने बताया कि खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को लगातार राज्य एवं केंद्र सरकारों के सामने उठाए जाने के बाद भी निराकरण नहीं किए जाने के विरोध में महाराष्ट्र राज्य संगठन (माफड़ा) द्वारा 27 अप्रैल से अनिश्चितकालीन बंद का आव्हान किया गया है। उसके समर्थन में देश के सभी राज्यों के साथ साथ महिदपुर में भी खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारी एक दिन की सांकेतिक हड़ताल पर रहे। संगठन के स्थानीय अध्यक्ष राजेंद्र मंडोवरा ने बताया कि गांधी मार्ग पर महिदपुर तहसील के व्यापारियों ने एकत्रित होकर एक रैली निकाली एवं तहसीलदार को प्रधानमंत्री मोदी के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया है। जिन मुख्य मुद्दों को लेकर यह सांकेतिक हड़ताल की जा रही है उनमें उर्वरकों में डीलर मार्जिन को कम से कम 8 प्रतिशत किया जाना, रिटेलर के गोदाम तक उर्वरकों की पहुंच उपलब्ध करवाना, सैंपल फेल होने पर निर्माता एवं उत्पादक कंपनियों पर कार्रवाई करना एवं व्यापारी को गवाह के रूप में प्रस्तुत करना। लाइसेंस निलंबित होने पर 21 दिन में स्वत:बहाल करना आदि अनेक मुद्दों पर लगातार संवाद किए जाने के बाद भी समस्याओं का निराकरण नहीं होने के कारण एकदिवसीय हड़ताल अभी एक दिन की सांकेतिक रूप से की जा रही है। जिसमें प्रधानमंत्री के नाम जिले की प्रत्येक तहसील, विकासखंड एवं जिला स्तर पर बंद करके जुलूस निकाल कर ज्ञापन दिए गए हैं और यदि एक माह में इन समस्याओं पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जाता है तो आगामी खरीफ सीजन के पूर्व अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा भी की जा सकती है। सुनील लोढ़ा ने तहसील के समस्त खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों का 27 अप्रैल को 1 दिन के बंद के आव्हान में पूर्ण रूप से सहयोग प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया।






## गोस्वामी समाज के 32वें सामूहिक विवाह में चार जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**बड़नगर। दशनाम गोस्वामी समाज मंडल का 32 वा सामूहिक विवाह सम्मेलन रविवार को भगवती माता मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में चार जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।**

यह सामूहिक विवाह भगवान दत्तात्रेय एवं गुरु शंकराचार्य की आरती के साथ शुरू हुआ। मुख्य अतिथि महंत मनु अरण्य छिंदवाड़ा थे। समाज अध्यक्ष देवपुरी गोस्वामी ने बताया कि समिति द्वारा वर, वधुओं को आधा ग्राम टीप, चार दाने सोने का मंगलसूत्र, अलमारी, पलंग, बर्तन आदि सामग्री दी गई। कार्यक्रम में उज्जैन, रतलाम, धार, इंदौर के बड़ी संख्या में समाज बंधुओं ने भाग लिया। समाज के महंत जितेंद्र भारती, किशोर गिरी, भैरु गिरी, गणेश गिरी, पवन भारती ने बाहर से पधारे सभी समाज बंधुओं का आभार माना। जानकारी देवपुरी गोस्वामी ने दी।

## एक नजर में

### एस्कॉर्ट्स कुबोटा ने लॉन्च किए तीन नए ट्रैक्टर मॉडल

**उज्जैन**. एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड ने अपने पॉवरट्रैक ब्रांड के अंतर्गत डिजीट्रैक सीरीज़ लॉन्च की है. इसके साथ ही कंपनी की डिजीट्रैक रेंज, जिसमें पहले दो मॉडल हुआ करते थे, वो अब बढ़कर पाँच मॉडलों की एक विस्तृत सीरीज़ में तब्दील हो गए हैं, जिनमें 45 हॉर्सपॉवर से 55 हॉर्सपॉवर के ट्रैक्टर शामिल हैं. पूरे भारत में लॉन्च की गई यह सीरीज़ आधुनिक कृषि और भारी ढुलाई के कामों के लिए बनाई गई है. एस्कॉर्ट्स कुबोटा द्वारा भारत में तीन ट्रैक्टर ब्रांड, कुबोटा, फार्मट्रैक और पॉवरट्रैक पेश किए जाते हैं. निखिल नंदा, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर ने कहा यह फरवरी, 2025 के बाद हमारे तीनों ब्रांड्स में हमारा चौथा नया ट्रैक्टर लॉन्च है. निरंतरता से नए ट्रैक्टर लॉन्च करने से संगठन के रूप में हमारी मजबूती प्रदर्शित होती है. हमारा हर लॉन्च हमारे पोर्टफोलियो को मजबूत बनाता है और हमें भारत में एक मजबूत स्थिति बनाने के अपने लक्ष्य के करीब ले जाता है.

### श्रीराम निराश्रित महिला आश्रम में पंखे भेंट किए




**इंदौर**. सहयोग सोशल वेलफेयर ग्रुप द्वारा श्रीराम निराश्रित महिला आश्रम में एक सराहनीय सेवा कार्य किया गया. इस अवसर पर ग्रुप के सदस्यों ने आश्रम में 2 पंखे भेंट किए तथा वहां रह रही महिलाओं एवं बुजुर्गजनों के साथ समय बिताया. ग्रुप के सदस्यों ने आश्रम की महिलाओं एवं बुजुर्गों से बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना. इस सेवा कार्य से सभी काफी प्रसन्न नजर आए. कार्यक्रम के दौरान सभी बुजुर्ग माताओं ने मिलकर गायत्री मंत्र का उच्चारण भी किया, जिससे वातावरण आध्यात्मिक और सकारात्मक हो गया. पवार दम्पत्ति ने सभी बुजुर्गों को बहुत ही व्यवस्थित तरीके से रहना सिखाया है. उनके इस सराहनीय कार्य के लिए ग्रुप के सदस्यों ने उन्हें बधाई दी. यह आश्रम बिना किसी बाहरी सहयोग के संचालित किया जा रहा है. कार्यक्रम में ग्रुप के सदस्य सविता सिरसाट, हंसा थोरात, राजकुमारी मेहरा, नीलम शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे. सहयोग सोशल वेलफेयर ग्रुप लगातार समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय है और भविष्य में भी ऐसे कार्य करता रहेगा.

### पांच दिवसीय व्याख्यान ज्ञान मंथन आज से

**इंदौर**. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के न्यू पलासिया स्थित ज्ञानशिखर ओमशांति भवन में 28 अप्रैल से बेहतर जिंदगी के लिए बेहतर सोच पांच दिवसीय व्याख्यान माला ज्ञान मंथन का आयोजन किया गया है, जिसका समय शाम 7 से रात्रि 8 .15 बजे तक रहेगा. 2 मई तक चलने वाले इस व्याख्यान माला के विषय होंगे- भावनात्मक स्वास्थ्य, ओवरकम ओवरथिंकिंग, स्वयं से प्रेम, अपनी आदतों पर नियंत्रण, क्षमा शक्ति. उपरोक्त विषयों पर अलग-अलग विद्वान वक्ताएं अपने विचार रखेंगे. उक्त जानकारी ज्ञानशिखर, ओमशांति भवन, इंदौर की ब्रह्माकुमारी अनीता ने दी.

### नि:शुल्क नेत्र शिविर में 375 मरीजों की जांच



**इंदौर**. संस्था प्रयास एवं स्वाध्याय मण्डल इन्दौर, चोइथराम नेत्रालय, शेल्बी हॉस्पिटल, इन्दौर डेन्टल कॉलेज राऊ के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क नैत्र स्वास्थ शिविर का आयोजन स्वाध्याय भवन जंजीरवाला चौराहा पर आयोजित किया गया. संस्था प्रयास के अध्यक्ष सुशीला डागरिया वह मुख्य शिविर सहयोजक अनोखी लाल जैन ने बताया कि इस शिविर मे 375 मरिजों ने लाभ लिया. ऑपरेशन 31 मरिजों का चयन किया गया जिनके आपरेशन नि:शुल्क होगे रियायती दरो पे 145 चश्मे दिए. इस शिविर मे मुख्य अतिथि प्रकाश भटेवरा, अनिल भण्डारी, जिनेश्वरजी जैन थे, लाभार्थी परिवार संस्था प्रयास के वीना सुराना, किरन संचेती, आशा भण्डारी आदि का सहरानी सहयोग रहा. इस शिविर में समाज सेवी कैलाश नाहर, सुरेश देशहलरा, पारस कटारिया, राजेन्द्र सुराना, राजेन्द्रजी लोढ़ा, आनंदीलाल संचेती, महेश डाकोलिया, राजेन्द्र भटेवरा, सुरेशकुमार बेताला, वीरेन्द्रकुमार मारू, सुनीलकुमार जैन, सोभागमल झामड़, विनय जैन आदि उपस्थित थे.

### कंजर मोहल्ला में दंगा करने वाले 9 आरोपी गिरफ्तार



**इंदौर**. कंजर मोहल्ला क्षेत्र में दंगा करने वाले आरोपियों के खिलाफ छतरीपुरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर 9 लोगों को गिरफ्तार किया है. थाना क्षेत्र में विवाद के दौरान आरोपियों ने उपद्रव करते हुए शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश की थी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया. इसके बाद बलवा सहित अन्य धाराओं में अपराध कायम कर आरोपियों को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार आरोपियों में संजय उर्फ सूरज, ईशा, रोनित, शुभम, पंकज राठौर, अमन राठौर, चांदनी राठौर, मोहित राठौर, अंकित राठौर और सीमा राठौर शामिल हैं. थाना प्रभारी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है और मामले की जांच जारी है.




## किसान सत्याग्रह में उज्जैन जिले के सेवादल कार्यकर्ता हुए शामिल

**घट्टिया। मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अवनीश भार्गव के नेतृत्व में किसानों की न्यायोंचित मांगों के समर्थन में भोपाल में आयोजित किसान सत्याग्रह उपवास कार्यक्रम में उज्जैन जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष डॉ. चैन सिंह चौधरी के नेतृत्व में सेवादल कार्यकर्ताओं ने भागीदारी की।**

क्षेत्र से शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष कुलदीप सिंह जाट, प्रदेश कांग्रेस सेवादल सचिव अनिल शर्मा, महिला कांग्रेस सेवादल नेता सीमा पटेल, डॉ. अर्जुन शर्मा, विजय शर्मा, विशाल चौहान, राजेंद्र सिंह ठाकुर, लीलाबाई, मनोज बैरागी, अभिषेक प्रजापति, रामसिंह पलवा आदि लोग शामिल हुए। किसान सत्याग्रह उपवास कार्यक्रम में 20 साथियों ने उपवास किया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल प्रभारी प्रतापनारायण मिश्रा, मीनाक्षी नटराजन, महेंद्र जोशी, पीसी शर्मा आदि ने संबोधित किया। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि इस आन्दोलन को मंडियो एवं ब्लॉक लेवल तक ले जाना है जब तक किसानों की न्यायोंचित मांगों का उचित निराकरण नहीं होता तब तक आन्दोलन जारी रहेगा। जीतू पटवारी ने उपवास पर बैठे कार्यकर्ताओं को माला पहनाकर एवं ज्यूस पिलाकर उपवास खुलवाया। जानकारी कांग्रेस सेवादल मीडिया प्रभारी हेमंत कोली ने दी।

## स्वच्छ शहर जोड़ी अभियान के अंतर्गत उन्हेल में शौचालय-व्यवसायिक क्षेत्रों का निरीक्षण

**उन्हेल। स्वच्छ शहर जोड़ी अभियान के अंतर्गत नगर परिषद उन्हेल क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालयों, व्यवसायिक क्षेत्रों एवं बस स्टैंड परिसर का व्यापक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।**




अभियान के तहत व्यवसायिक क्षेत्र एवं बस स्टैंड अंतर्गत आने वाली दुकानों पर पहुंचकर व्यापारियों एवं दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु चाय की दुकान वालों को सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर कांच के गिलास एवं कुल्हड़ के उपयोग की सलाह दी गई।

इस अवसर पर सहायक आयुक्त रविकांत मगरदे, हरीश व्यास, इदरीश खान, केपीएमजी से भूषण व्यास, विनीत श्रीवास्तव, इंजीनियर सचिन जायसवाल, ओम साईं विजन से अरुण पटेल एवं उनकी टीम ने निरीक्षण कर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी जितेंद्र सिंह राणा, निकाय के कर्मचारीगण एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। नगर परिषद द्वारा स्वच्छ, सुंदर एवं प्लास्टिक मुक्त उन्हेल के निर्माण हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## नाटक मारे से नहीं मरेगा जब तक मनुष्य है नाट्य रहेगा : प्रो. त्रिपाठी

▸ **जब तक मनुष्य है, तब तक रहेगा रंगमंच, अभिनव रंगमंडल के संवाद में बोले पूर्व कुलपति प्रो. त्रिपाठी**




**उज्जैन। नाटक को किसी भी हाल में खत्म नहीं किया जा सकता। जब तक इस पृथ्वी पर मनुष्य है, तब तक नाट्य रहेगा। यह बात जाने-माने संस्कृत-हिंदी साहित्यकार, शिक्षाविद और पूर्व कुलपति प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी ने सोमवार को अभिनव रंगमंडल की संवाद श्रृंखला में कही। वे भारतीय रंगमंच: परंपरा और इतिहास विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। अध्यक्षता प्रो. अरुण वर्मा ने की।**

प्रो. त्रिपाठी ने रंगमंच के उद्भव और विकास को सात चरणों में बांटकर इसके ऐतिहासिक और दार्शनिक पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

वेद मानव रचित, संस्कृत एक जिंदा भाषा

वेदों का जिक्र करते हुए प्रो. त्रिपाठी ने बेबाक टिप्पणी की कि ऋग्वेद में नाटकीय संवाद हैं। चूंकि कविताएं पौरुषेय (मानव रचित) होती हैं, इसलिए वेद अपौरुषेय कैसे हो सकते हैं? इन्हें हजारों सालों तक श्रुति और स्मरण से जीवित रखा गया।

इतिहास पर प्रकाश डालते हुए प्रो. त्रिपाठी ने कहा कि ब्रिटिश औपनिवेशिक काल ने भारतीय नाट्य को धूमिल किया, जबकि मुगल शासकों ने इसे प्रोत्साहित किया था। उन्होंने कहा कि उपनिवेशवाद के कीड़े किसी में भी हो सकते हैं और आज भी पंडितों के मस्तिष्क कोलोनाइज्ड मिलते हैं।

**कालिदास अकादमी में लगे आदिरंगाचार्य की मूर्ति**-प्रो. त्रिपाठी ने उज्जैन को विराट नाट्यभूमि बताते हुए कहा कि उज्जैन की कालिदास अकादमी की स्थापना और विकास में आदिरंगाचार्य का अतुल्य योगदान रहा है। उनके इस योगदान को देखते हुए अकादमी परिसर में उनकी प्रतिमा स्थापित की जानी चाहिए।

अध्यक्षता करते हुए प्रो. अरुण वर्मा ने भी अपना वक्तव्य दिया। संचालन और विषय प्रवर्तन कवि एवं कहानीकार शशिभूषण ने किया। उन्होंने व्याख्यान से पूर्व कुछ विचारणीय सवाल रखे, जिनमें संस्कृत-हिंदी रंगमंच का योगदान, प्रगतिशील मूल्य, महामारियों (जैसे कोरोना) का रंगमंच पर असर, सिनेमा व सोशल मीडिया से रंगमंच को हुआ नुकसान और नाट्यलेखन की कमी जैसे गंभीर प्रश्न शामिल थे।

संवाद से पूर्व अभिनव रंगमंडल के निदेशक शरद शर्मा और मनोहर बैरागी ने पुष्पगुच्छ भेंटकर प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी और प्रो. अरुण वर्मा का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. सत्यवती त्रिपाठी का स्वागत कविता जड़िया ने किया। इस अवसर पर पूर्व कुलपति प्रो. बालकृष्ण शर्मा, डॉ. जगदीश शर्मा, पिलकेंद्र अरोरा, चंदर सोनाने, मुकेश बिजौले, प्रकाश देशमुख, सुधा शर्मा और पांखुरी वक्त सहित शहर के अनेक सुधीजन उपस्थित थे। अंत में आभार शरद शर्मा ने माना।

## 200 दिनों से जारी प्रदर्शन रोजगार शुरू कराने की मांग

**उज्जैन। महाकाल क्षेत्र के आसपास वर्षों से व्यवसाय कर रहे हाथ-ठेला औरं फुटपाथ व्यापारी अपनी मांग को लेकर 200 दिन से धरना प्रदर्शन कर रहेहैं और शासन-प्रशासन से अपना रोजगार पुन: शुरू कराने की मांग की है।**

व्यापारियों ने नगर निगम कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे जब भी अपनी दुकानें लगाते हैं, बिना पूर्व सूचना और वैध प्रक्रिया के उन्हें हटाया जाता है तथा उनका सामान जब्त कर लिया जाता है। इससे छोटे व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि इस कार्रवाई के कारण उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है और परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। इस मामले को लेकर हाथ-ठेला एवं फुटपाथ व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें नियमानुसार दुकान लगाने की अनुमति दी जाए तथा जल्द से जल्द टीवीसी का गठन किया जाए। संघ अध्यक्ष कालूराम चौहान ने बताया कि छोटे व्यापारी पिछले 10 महीना से अपनी दुकान नहीं लग रहे हैं लेकिन अब तक नगर निगम द्वारा उन्हें व्यवसाय करने की अनुमति नहीं दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम के कुछ कर्मचारी अवैध रूप से पैसे लेकर कुछ दुकानों को लगवा रहे हैं, जबकि छोटे व्यापारियों को दुकान लगाने से रोका जा रहा है। व्यापारियों ने यह भी कहा कि वर्ष 2014 में संसद द्वारा पारित पथ विक्रेता (जीविका संरक्षण एवं विनियमन) अधिनियम को मध्यप्रदेश में अब तक प्रभावी रूप से लागू नहीं किया गया है। उनका आरोप है कि महाकाल क्षेत्र में व्यापार करने पर नगर निगम कर्मचारी यह कहकर हटाते हैं कि यह नगर निगम आयुक्त का आदेश है। इसी आदेश का हवाला देकर कर्मचारियों द्वारा अमानवीय व्यवहार किया जाता है और सामान जब्त कर लिया जाता है।

**एक नजर** ▸ **मासिक गोष्ठी में मिशन के समर्पित वरिष्ठजनों का किया सम्मान**

## गायत्री शक्तिपीठ में नि:शुल्क ग्रीष्मकालीन शिविर 4 से, बच्चों को सिखाएंगे एआई और योग

**उज्जैन। गायत्री शक्तिपीठ उज्जैन द्वारा युवाओं के लिए नि:शुल्क ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। श्रृंखला का प्रथम शिविर सोमवार, 4 मई से प्रारंभ होगा। इसके साथ ही शक्तिपीठ पर आयोजित मासिक गोष्ठी में गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजनों का सम्मान किया गया तथा अप्रैल माह के जन्म और विवाह दिवस सामूहिक रूप से मनाए गए।**



**शिविर में मिलेगा एआई टूल्स और ध्यान का प्रशिक्षण**-गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक जेपी यादव ने बताया कि शिविर में भाग लेने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं कक्षा निर्धारित की गई है। इस शिविर में प्रतिभागियों को एकाग्रता व परीक्षा में सफलता के लिए योगासन और ध्यान का अभ्यास कराया जाएगा। साथ ही व्यक्तित्व विकास, अध्ययन और कार्यों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल्स के उपयोग की जानकारी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य, श्रेष्ठ दिनचर्या, आंतरिक क्षमता विकास, समय व क्रोध प्रबंधन, गायत्री मंत्र की वैज्ञानिकता और जप के महत्व पर विस्तृत मार्गदर्शन मिलेगा।

**वरिष्ठजनों का हुआ सम्मान**-मासिक गोष्ठी में मिशन के कार्यों में संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले वरिष्ठ परिजन कांतिलाल विश्वकर्मा, रामचंद्र देथेलिया और शिवनारायण नागदिया का व्यवस्थापक जेपी यादव द्वारा पुष्पहार, मंत्र दुपट्टा और सम्मान पत्र भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि हरिहर शर्मा का भी सम्मान हुआ।

**सामूहिक जन्म व विवाह दिवस**-गोष्ठी में अप्रैल माह के विवाह और जन्म दिवस भी मनाए गए। जेपी यादव, साहिल और मुस्कान भावसार, सोनू सिंह और सुरभि कौरव तथा अनिल और साधना श्रीवास्तव की विवाह वर्षगांठ पर श्री लेवेजी द्वारा मंगलाष्टक के साथ वरमाला का क्रम संपन्न कराया गया।

प्रभाकर सोनेने ने गुरु सत्ता की ओर से परिजनों को आशीर्वचन प्रदान किए। संचालन सतीश शर्मा ने किया। युग संगीत एवं दीप यज्ञ पुरुषोत्तम साहू, वीणा साहू, यशस्विनी साहू और गौरव साहू द्वारा संपन्न कराया गया। आभार जिला समन्वयक रामप्रसाद सरिया ने माना। कार्यक्रम में उर्मिला प्रहलाद सिंह तोमर, रामचंद्र पांचाल, संजीव पांचाल, ओमप्रकाश बरबेले, कैलाश राव, रामेश्वर पटेल, मनोज विश्वकर्मा और सुभाष पाटीदार सहित अनेक वरिष्ठ परिजन उपस्थित रहे।